# प्रस्तावित मोटर मार्ग हेतु वन भूमि की मांग का औचित्य

**परियोजना का नाम–** जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग से खनस्यूँ तक मोटर मार्ग का निर्माण।

उपरोक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग जनपद नैनीताल के सुदूरवती विकास खण्ड ओखलकांडा के अन्तर्गत पडता है इस मोटर मार्ग के निर्माण से सुदूरवर्ती ग्राम–मल्ला ओखलकांडा,तल्ला ओखलकांडा खनस्यूँ के लगभग 365 की जनसंख्या लाभान्वित होती है।इस मार्ग के बन जाने से मल्ला ओखलकांडा से तल्ला ओखलकांडा होकर पूर्व निर्मित मार्ग के साथ खनस्यूँ तक एक नया लिंक मार्ग भी उपलब्ध हो जायेगा तथा खनस्यूँ की ब्लाक मुख्यालय से दूरी भी कम हो जायेगी, इस मार्ग के निर्माण से ओखकाण्डा से करायल खनस्यूँ तक निर्मित मोटर मार्ग के वर्षा काल में बन्द होने से इस मार्ग का वैकल्पिक मार्ग के रूप में प्रयोग किया जा सकेगा। साथ ही मोटर मार्ग के बनने से स्थानीय जनता को यातायात, शिक्षा, चिकित्सा एंव कृषि कारोबार में विशेष सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास एंव पर्यटन व्यवसाय को भी बल मिलेगा क्षेत्र के विकास एंव स्थानीय जनता की मांग के अनुसार उक्त मार्ग की नितान्त आवश्यकता है।

प्रस्तावित मार्ग के निर्माण हेतु विस्तृत रूप से क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया है तकनीकि दृष्टिकोण से उचित मितव्ययी तथा कम से कम वन भूमि प्रभावित हो उक्त के दृष्टिगत संमरेखन चयन किया गया है जिसमें 2.70 है0 वन भूमि प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक संमरेखन में अधिक लम्बाई व अधिक वन भूमि प्रभावित होने से वैकल्पिक संमरेखन पर विचार नही किया गया।

अतः 2.70 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग के पक्ष में हस्तान्तरण(मांग) औचित्यपूर्ण है।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
भवाली

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
भवाली

Scanned with CamScanner